प्रेस विज्ञप्ति

वी.यू के प्राध्यापक, अधिकारी व कर्मचारी मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे एक दिन का वेतन

जबलपुर। आज दिनांक 29 मार्च 2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना एक दिन का वेतन कोरोना वायरस से पीड़ितों के लिये **''मुख्यमंत्री राहत कोष''** में दान देने का निर्णय लिया है। माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी ने बताया कि वर्त्तमान में पूरे विश्व के साथ मध्यप्रदेश व भारतवर्ष भी कोरोना वायरस के संक्रमण से प्रभावित है, साथ ही यह प्रकोप निरंतर फैल भी रहा है, जिसके नियंत्रण हेतु हमारा विश्वविद्यालय भी हर प्रकार से किसी न किसी रूप में इस संक्रमण से ग्रसित और प्रभावितों की सहायतार्थ दृढ़ संकल्पित है। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, महू व रीवा, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर, विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, लेखानियंत्रक, संचालक अनुसंधान सेवायें, अधिष्ठाता संकाय, कार्यपालन यंत्री, जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, वन्यप्राणी एवं फोरेन्सिक हैल्थ व संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र कार्यालय के साथ विश्वविद्यालय के पाँचों पत्रोपाधि महाविद्यालयोंः जबलपुर, महू, रीवा, भोपाल व मुरैना आदि के प्राध्यापक, अधिकारी और समस्त कर्मचारी ने अपना एक दिन का वेतन कुल राशि रू. 5,04,858=00 संक्रमण से पीड़ितों और प्रभावितों की मदद व कोरोना वायरस के उपचार हेतु दान करेंगे। एकत्रित राशि माननीय कुलपति जी, कुलसचिव एवं लेखा नियंत्रक के माध्यम से **''मुख्यमंत्री राहत कोष''** में भेजी जावेगी।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)

Scanned by CamScanner